<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–**06 जुलाई** 2026</u> **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के साथ लखनऊ में आयोजित शक्ति केंद्र संयोजक सम्मेलन में शामिल हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। कहा– विकासोन्मुखी और जनकल्याणकारी कार्य कर रही है डबल इंजन सरकार
- मुख्यमंत्री ने 'योगी की पाती' के जरिए बच्चों और युवाओं से खेलों को अपनी दिनचर्या का अंग बनाने की अपील की। कहा–उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए नौकरी दे रही है सरकार।
- केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विकसित भारत रोजगार आजीविका मिशन–ग्रामीण अधिनियम के तहत राज्यों को 25 हजार करोड़ की सहायता राशि जारी की।
- श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की बैठक आज। कई अहम प्रशासनिक और वित्तीय मामलों पर होगी चर्चा।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल लखनऊ के राष्ट्र प्रेरणा स्थल में आयोजित शक्ति केंद्र संयोजक सम्मेलन में शामिल हुए। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक भी मौजूद रहे। सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री योगी ने कहा कि डबल इंजन सरकार विकासोन्मुखी और जनकल्याणकारी कार्य निरंतर कर रही है।

**आज जो विकास दिखाई दे रहा है, आज जो सुरक्षा का मॉडल है, आज जो सुशासन का मॉडल है और जिस प्रकार से डबल इंजन की सरकार समाज के प्रत्येक तबके के लिए क्या वह युवा हो, क्या वह आधी आबादी बहन और बेटियों के स्वावलंबन और सुरक्षा से जुड़ा हुआ मुद्दा हो, क्या वह अन्नदाता किसान हो या गरीबों तक शासन की योजना का लाभ बिना भेदभाव के उपलब्ध करवाने का कार्य बिना रुके हुए, बिना डिगे हुए, बिना झुके हुए, बिना थके हुए निरंतर पहुंचाने का कार्य कर रही है।**

इस अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने कहा कि विगत समय में जिन विषयों को लेकर पूरी दुनिया में अस्थिरता रही, हमारा नेतृत्व सजग रुप से जनता की चिंता करता रहा।

**पिछले समय में जिन विषयों को लेकर पूरे विश्व में भी अस्थिरता रही फिर भी हमारा नेतृत्व सजग रूप से हमारे लोगों की चिंता करता रहा। मैं विश्व अस्थिरता के बावजूद भी हमारे नेता माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने जनता को कोई तकलीफ नहीं होने दिया। हमने यह चिंता की कि विश्व में कोई भी देश किसी भी प्रकार से काम करें। भारत की राजनीतिक और डिप्लोमेटिक राजनीति हमेशा सबको लेकर साथ चलने की रही है।**

**********

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने कल लखनऊ में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, पूर्व अध्यक्षों और एनडीए के सहयोगी दलों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। इस दौरान वर्ष 2027 विधानसभा चुनाव की रणनीति पर चर्चा की गई। मीडिया से बात करते हुए भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने सेवा और विकास के एजेंडे पर विशेष जोर दिया।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज 'योगी की पाती' के माध्यम से बच्चों और युवाओं से खेलो को अपनी दिनचर्या का अभिन्न अंग बनाने की अपील की है। एक रिपोर्ट

**सोशल मीडिया पर एक संदेश के माध्यम से मुख्यमंत्री ने कहा है कि खेलने वाला ही खिलता है। सरकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों के सम्मान एवं सुरक्षित भविष्य के लिए सरकारी नौकरी प्रदान कर रही है। श्री योगी ने कहा कि आज प्रत्येक ग्राम पंचायत में खेल मैदान, ब्लॉक में मिनी स्टेडियम तथा प्रत्येक जनपद में आधुनिक स्टेडियम विकसित किए जा रहे हैं। मेरठ में मेजर ध्यानचंद खेल विश्वविद्यालय तैयार है। उन्होंने अभिभावकों से विशेष आग्रह किया कि बच्चों की खेल प्रतिभा को कभी दबाएं नहीं। खेल केवल पदक नहीं दिलाता, अपितु नशे जैसी बुराइयों से बच्चों और युवाओं को दूर रखने के लिए सबसे सशक्त ढाल बनता है। युवाओं के लिए खेल आज करियर में सपनों को साकार करने का माध्यम भी है। समाचार कक्ष से विवेक सिंह**

**********

ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विकसित भारत–रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन–ग्रामीण' 2025 के पहली जुलाई से सफलतापूर्वक लागू होने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि विकसित भारत जी राम जी को पूरे देश में सिर्फ एक दिन में लागू कर दिया गया। केंद्रीय मंत्री ने कल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए इस मिशन के अंतर्गत राज्यों के लिए 25 हजार करोड़ रुपये की सहायता राशि जारी की।

**मनरेगा को पूरे देश में लागू करने में 3 साल लगे थे, लेकिन मुझे आप सब पर गर्व है 1 साल 2 साल नहीं, पहले दिन ही विकसित भारत जीरामजी योजना एक साथ पूरे देश में लागू हो गई। सौ दिन नहीं अब 125 दिन रोजगार। 5 साल में साढ़े सात लाख**

**करोड़ से ज्यादा की राशि दो लाख 86 हजार पंचायतों में ठीक से लग गई तो गांव संपूर्ण विकसित हो जाएंगे, समृद्ध और विकसित गांव का निर्माण हो जाएगा।**

**********

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने आज अपने सदस्यों की एक बैठक बुलाई है। इस बैठक में कई अहम प्रशासनिक और वित्तीय मामलों पर चर्चा की जाएगी। (एक रिपोर्ट)

**28 जून, 2026 को जारी एक आधिकारिक सूचना के अनुसार, बैठक के एजेंडे में महासचिव चंपत राय और न्यासी डॉ. अनिल मिश्रा के त्यागपत्रों पर विचार विमर्श करना भी शामिल है। सदस्यों को न्यास के दान पेटियों के माध्यम से मिले दान की गणना के संबंध में एसआईटी की अंतरिम रिपोर्ट के बारे में भी जानकारी दी जाएगी। बैठक में राम मंदिर के भविष्य के प्रबंधन से संबंधित व्यवस्थाओं पर भी विचार–विमर्श किया जाएगा। एजेंडा का एक अन्य महत्वपूर्ण बिंदु वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए आय–व्यय विवरण, बैलेंस शीट और अन्य वित्तीय दस्तावेजों की प्रस्तुति और अनुमोदन है। विज्ञप्ति के मुताबिक अध्यक्ष की अनुमति से किसी अन्य मामले पर चर्चा भी हो सकती है। सुशील चन्द्र तिवारी, आकाशवाणी समाचार लखनऊ।**

इसी बीच अयोध्या के श्री राम मंदिर चढ़ावा मामले में विवेचक ने कल जिला कारागार में आठ आरोपियों में से पांच से करीब 6 घंटे तक पूछताछ की।

**********

उत्तर प्रदेश आम महोत्सव–2026 का कल इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, लखनऊ में समापन हो गया। इस अवसर पर प्रदेश के उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि सरकार किसानों की आय बढ़ाने और यूपी के आमों को वैश्विक पहचान दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है।

**********

गन्ना किसानों और उनके परिवारों को सामाजिक सुरक्षा देने के उद्देश्य से 11 जुलाई तक प्रदेश की सहकारी गन्ना विकास समितियों द्वारा विशेष सुरक्षा जागरूकता और नामांकन महाभियान संचालित किया जा रहा है। एक रिपोर्ट–

**प्रदेश की सहकारी गन्ना विकास समितियां इस अभियान की मुख्य नायक के रूप में कार्य करेंगी। समितियां अब सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के प्रचार–प्रसार, जागरूकता, नामांकन तथा लाभार्थियों तक योजनाओं की पहुंच में अग्रणी भूमिका निभाएंगी। समितियां केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने वाली प्रभावी संस्थागत व्यवस्था के रूप में स्थापित होगीं। अभियान के माध्यम से किसानों एवं उनके परिवारों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, सहित केंद्र सरकार की विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़ते हुए आर्थिक सुरक्षा, वित्तीय समावेशन और भविष्य की सामाजिक स्थिरता सुनिश्चित की जाएगी। अभियान के दौरान सभी समिति परिसरों में बैंकों, इफको, चीनी मिलों और अन्य सहयोगी संस्थाओं के संयुक्त सहयोग से विशेष सहायता एवं नामांकन काउंटर स्थापित किए जाएंगे। यह अभियान विकसित भारत–विकसित उत्तर प्रदेश के संकल्प को गति देने के साथ–साथ किसानों के समग्र कल्याण की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। समाचार कक्ष से फजल इनाम।**

**********

प्रदेश भर में चल रहे वृक्षारोपण अभियान के तहत कल सिद्धार्थ नगर जिले में आयोजित एक कार्यक्रम में वहां के सांसद जगदम्बिका पाल ने भी हिस्सा लिया। अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा दिये गये वृक्षारोपण के लक्ष्य को जिले में जुलाई माह में पूरा कर लिया जायेगा।

**उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा सिद्धार्थनगर के लिए 45 लाख पौधों को रोपित करने का लक्ष्य है। जिसमें अभी तक सवा छह लाख पहली जुलाई से हो चुका है और 12 जुलाई को पूरे प्रदेश के स्तर पर और सिद्धार्थनगर में सभी मंडलों में बड़े व्यापक रूप से वृक्षारोपण अभियान होगा।**

**********

मौसम विभाग ने इस सप्ताह प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी जिलों में बारिश जारी रहने की संभावना जतायी है।

**********